# हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

**(द्वितीय सत्र)**

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## बुधवार, 28 मार्च, 2018/7 चैत्र, 1940 (शक्)

----

**[मुख्य मन्त्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - कृषि मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा वन मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 57**

----

### खेल स्टेडियम

***272 श्री नरेन्द्र बरागटा (जुब्बल-कोटखाई ):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जुब्बल-कोटखाई निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सरस्वती नगर में खेल स्टेडियम का शिलान्यास कब किया गया व इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

### आऊटसोर्स कर्मचारी

***273 श्री राकेश सिंघा(ठियोग) :**
**श्री हर्षवर्धन चौहान(शिलाई) :**
**श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश सचिवालय सहित विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों व विद्युत परिषद् में 15 फरवरी, 2018 तक कितने कर्मचारी आऊटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त किए गए;

(ख) इन कर्मचारियों के वेतन निर्धारण के लिए क्या फार्मूला निर्धारित है तथा इनके वेतन व सेवा शर्तों को रैगुलेट करने के लिए क्या कोई नीति बनाई गई है;

(ग) यदि हां, तो कब; यदि नहीं, तो क्या सरकार इन कर्मचारियों के सुनिश्चित एवं सुरक्षित भविष्य के लिए कोई ठोस नीति बनाने का विचार रखती है; और

(घ) गत तीन वर्षों में कितनी-कितनी धनराशि इनको रखने वाले ठेकेदारों या कंपनियों को दी गई; ब्यौरा दें?

----

## विद्युत परियोजनाएं

***274 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कुल कितनी विद्युत परियोजनाएं हैं; कितनी पूर्ण हो चुकी हैं और कितनी निर्माणाधीन हैं; ब्यौरा दें?

----

## भेड़-बकरी चोरी के मामले

***275 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में भेड़ पालकों द्वारा भेड़-बकरी चोरी के कितने मामले पुलिस में दर्ज़ करवाये गए;

(ख)कितने मामलों का निपटारा किया गया और कितने लंबित हैं; और

(ग) भेड़ बकरी की चोरी को रोकने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## खिलाड़ियों का रैंकिंग सिस्टम

***276 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में खिलाड़ियों का रैंकिंग सिस्टम दूसरे राज्यों की तरह बना हुआ है;

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार रैंकिंग सिस्टम बनाने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हाँ, तो कब तक?

----

## राष्ट्रीय राजमार्ग

***277 श्री मुकेश अग्निहोत्री(हरोली) :**
**श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु(नदौन) :**
**श्री सतपाल सिंह रायजादा(ऊना) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश को कितने राष्ट्रीय राजमार्ग केन्द्र द्वारा स्वीकृत किए गए हैं; ब्यौरा दें;

(ख) इन मार्गों के निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय होगी और प्रदेश को कितनी धनराशि प्राप्त हो चुकी है; और

(ग) इनकी डी0पी0आर0 कब तक बन जाएगी और क्या इनके निर्माण के लिए समय सीमा निर्धारित है; ब्यौरा दें?

----

## Estimates

***278 Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the tenders are invited for various civil works, flood protection, soil conservation etc. by the forest department;

(b) if yes, whether any criteria is followed for preparing estimates; and

(c) if so, details be given?

----

## कोल बांध परियोजना

***279 श्री राकेश कुमार (सुन्दरनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश सरकार ने NTPC कम्पनी को कोल बांध परियोजना की स्वीकृति दे दी है; यदि हां, तो इससे NTPC को कितना लाभ होगा; ब्यौरा दें;

(ख) क्या कम्पनी इसका डेढ़ प्रतिशत भाग सरकार को दे रही है; और

(ग) यदि हां, तो इस धनराशि को किन-किन क्षेत्रों में किस-किस विकास कार्य हेतु व्यय किया जा रहा है; ब्यौरा दें?

----

## भवन निर्माण

*280 **श्री सुरेश कुमार कश्यप (पच्छाद)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि उप-तहसील नोहरी तथा नारग के अपने भवन नहीं हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार भवनों के निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत करेगी और कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

----

## कृषि योजनाएं

*281 **श्री हीरा लाल (करसोग)ः**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) कृषि विभाग के अन्तर्गत किसानों के उत्थान के लिए केन्द्र सरकार की कौन-कौन सी योजनाएं कार्यशील हैं;

(ख) करसोग क्षेत्र में कितनी योजनाएं चलाई जा रही हैं तथा इनसे कितने-कितने किसान लाभान्वित हुए हैं; नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

----

## भुंतर एयरपोर्ट

*282 **श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि भुंतर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की योजना है और सर्वे किया गया है; और यदि हाँ, तो रिपोर्ट सभा पटल पर रखें?

----

## रिक्त पद

*283 **श्री किशोरी लाल (आनी)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पशु औषधालय व अस्पताल हैं; इनमें कितने पद वैटरिनरी फार्मासिस्ट, चिकित्सक व हैल्पर के स्वीकृत व कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

## पुल निर्माण

***284 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि कांगड़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बनेर खड्ड पर कांगड़ा सकौट को जोड़ने वाली रेलवे लाइन के ऊपर पुल बनाना प्रस्तावित है; और

(ख) यदि हां, तो इसका कार्य कब तक प्रारम्भ किया जाएगा?

----

## बस अड्डा

***285 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बैजनाथ में नये बस अड्डे का शिलान्यास कब किया गया है; और

(ख)गत तीन वर्षों में इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई तथा इसका कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## करूणामूलक आधार पर नौकरी

***286 श्री अरूण कुमार (नगरोटा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 15-02-2018 तक प्रदेश में करूणामूलक आधार पर दी जाने वाली नौकरियों के कितने मामले लम्बित हैं; सरकार करूणामूलक आधार पर रोजगार देने के लिए नई नीति बनाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## FRA क्लीयरैंस

***287 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग ):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 15-02-2018 तक वन विभाग में दरंग विधान सभा निर्वाचन के विभिन्न विभागों के FRA के कितने मामले लम्बित हैं; ब्यौरा विभाग व मामलावार दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में कितने मामलों में FRA क्लीयरैंस मिली; ब्यौरा मामलावार दें?

----

## रिक्त पद

*288 **श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि देहरा लोक निर्माण मण्डल के अन्तर्गत उप-मण्डलों में विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों के कितने पद कब से रिक्त हैं; इनको कब तक भर दिया जाएगा?

----

## चौदहवें वित्तायोग के तहत राशि

*289 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में विकास खण्ड देहरा को 14वें वित्तायोग के तहत कितनी धनराशि प्राप्त हुई व कितनी व्यय की गई; मदवार ब्यौरा दें?

----

## किसानों/बागवानों को मुआवजा

*290 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि वर्तमान में प्रदेश में सूखे के कारण किसानों/बागवानों को भारी नुकसान होने की सम्भावना है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार क्या मुआवजा देने का विचार रखती है?

----

## पर्यटन गतिविधियाँ

*291 **श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार की पौंग डैम वेट-लैंड में पर्यटन की गतिविधियाँ को बढ़ाने की योजना है;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्लू-प्रिंट तैयार किया है; और

(ग) नगरोटा सूरियां में बने पर्यटन सूचना केंद्र व टूरिस्ट हट के सदुपयोग हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## साई कोठी विद्युत परियोजना

***292 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि विद्युत परियोजना साई कोठी चरण-। व ॥ के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## Beautification of Shali Mata Tibba

***293 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) what steps are being taken up for beautification of Shali Mata Tibba, Shimla district; and

(b) how much funds have been sanctioned?

----

## निविदाएं रद्द करना

***294 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग टौणी देवी द्वारा सरकार के गठन के पश्चात स्वीकृत कार्यों की कितनी निविदाएं रद्द की गई; निविदाओं का ब्यौरा धनराशि सहित दें?

----

## ट्रांसफार्मर

***295 श्री बलबीर सिंह वर्मा(चौपाल) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत मण्डल चौपाल और उप-मण्डल सैंज में कितनी वोल्टेज के ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए;

(ख) कितने नए ट्रांसफार्मर कहां-कहां लगाए जाने प्रस्तावित हैं;

(ग) 66 के0वी0ए0 सब-स्टेशन व टावर लाईन का कार्य कब व किस ठेकेदार को कितने-कितने में दिया गया; कार्य समय के अन्दर पूर्ण कर लिया गया है; और

(घ) समय पर कार्य पूर्ण न करने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई?

----

## Sub-Divisional Police Officer की नियुक्ति

*296 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी ):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) Sub-Divisional Police Officer कार्यालय संगड़ाह की स्थापना कब की गई;

(ख) इसमें Sub-Divisional Police Officer की नियुक्ति की दी गई है; और

(ग) यदि नहीं, तो सरकार इस पद को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## बस अड्डा अम्ब

*297 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बस अड्डा अम्ब (HRTC) की अद्यतन स्थिति क्या है; इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई, कितनी व्यय की गई है; कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## राष्ट्रीय उच्च मार्ग नालागढ़

*298 **श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार बद्दी से नालागढ़ राष्ट्रीय उच्च मार्ग को फोरलेन करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है; और

(ग) इसका कार्य कब तक प्रारम्भ किया जायेगा; ब्यौरा दें?

----

## कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन

*299 **श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) कीरतपुर से नेरचौक फोरलेन का निर्माण कार्य बन्द है;

(ख) यदि हां, तो कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा व कब तक पूर्ण करने का लक्ष्य है; और

(ग) ठेकेदारों को कार्य का भुगतान कर दिया गया है; ब्यौरा दें?

----

## Bhaba Power House

***300 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) what action has been taken by the Government against the officials for the damage of Bhaba Power House due to fire incident; inquiry report be laid on the Table of the House;

(b) whether it is a fact that after recommissioning of power house in September, 2016, two machines were damaged; and

(c) if yes, how much loss has been caused to the Power House and whether the fresh inquiry has been conducted?

----

## स्वच्छ भारत मिशन

***301 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) केन्द्र द्वारा प्रदेश को स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालयों के निर्माण के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा पंचायतवार दें; और

(ख) दिनांक 28 फरवरी, 2018 तक कितने शौचालय निर्मित किए गए; ब्यौरा पंचायतशः दें?

----

## नवगांव-बैरी सड़क

***302 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नवगांव-बैरी सड़क पर क्या अली खड्ड पुल का निर्माण किया जा रहा है; यदि हां, तो इसकी आधारशिला कब रखी गई;

(ख) इस पर कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है; कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; और

(ग) इस सड़क को चौड़ा करने व तारकोल बिछाने का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

----

## सड़कों का निर्माण

***303 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया, कितनी पक्की की गई; कितने गांव को सड़कों से जोड़ा गया; और

(ख) पी0एम0जी0एस0वाई0 के अन्तर्गत कितनी सड़कें स्वीकृत की गई; इनका कार्य कब तक आरम्भ किया जाएगा; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

## राष्ट्रीय उच्च मार्ग

***304 श्रीमती रीता देवी (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भरवांई-चिन्तपुरनी-जोडवड-पक्का-टियाला-संसारपुर-टैरेस-डमटाल सड़क को राष्ट्रीय उच्च मार्ग बनाने की स्वीकृति कब प्रदान की गई; इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## Sub-Divisional Office (Civil) at Jenjehali

***305 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) was the administrative approval for creating a Sub-Divisional Office (Civil) at Jenjehali (district Mandi) given by the Hon'ble High Court of Himachal;

(b) if yes, when was administrative approval given?

----

## Replacement of Poles

***306 Sh. Harshwardhan Chauhan(Shillai) :**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether there is any proposal to replace old wooden poles in Electrical Sub Division Shillai, Panog and Sataun if so, by when;

(b) whether there is any proposal of opening 33 KV sub-station at Kaffota in Paonta Division; if so, what is the latest position;

(c) how many hamlets are without electricity in Shillai Assembly Constituency; by when electicity will be provided to them; and

(d) how many villages are facing low voltage problem; details be given and by when it will be improved?

----

## संस्थानों की अधिसूचना

***307 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में कितने नए संस्थानों को खोलने की अधिसूचना जारी की; संस्थानवार ब्यौरा दें; कितने पद इन संस्थानों हेतु स्वीकृत किए गए;

(ख) वित्त विभाग ने कितने संस्थानों को खोलने की स्वीकृति प्रदान नहीं की; संस्थानवार ब्यौरा दें; और

(ग) कितने संस्थानों के शिलान्यास व शुभारम्भ शिमला से Video Confrence द्वारा किए गए?

----

## रज्जू मार्गों का निर्माण

***308 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने रज्जू मार्गों का निर्माण कार्य चल रहा है और यह किस-किस स्थान पर बन रहे हैं;

(ख) इनका किस - किस कम्पनी के साथ करारनामे हुए हैं;

(ग) यह मार्ग कब तक बनकर तैयार हो जाएंगे; और

(घ) सरकार क्या नए रज्जू मार्गों की सम्भावनाएं तलाश रही है?

----

## पुलिस चौकी हरोली

*309 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) ऊना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सन्तोषगढ़ क्षेत्र की पुलिस चौकी को हरोली थाना से बदल कर ऊना थाना से जोड़ने की अधिसूचना जारी की गई है; और

(ख) यदि हां, तो कब?

----

## उरनी गांव में भू-स्खलन

*310 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला किन्नौर के उरनी गांव में हो रहे भू-स्खलन के समाधान हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## डी0पी0आर0 की अद्यतन स्थिति

*311 **श्री सुरेश कुमार कश्यप (पच्छाद)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी योजनाएं लोक निर्माण विभाग द्वारा डी0पी0आर0 की स्वीकृति हेतु नाबार्ड को भेजी गई; ब्यौरा योजनावार दें?

----

## करसोग बस डिपो

*312 **श्री हीरा लाल(करसोग) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) हिमाचल पथ परिवहन निगम के करसोग डिपो में कितनी बसें हैं;

(ख) सरकार क्या डिपो को और बसें उपलब्ध करवाने व नये रूटों पर बसें चलाने का विचार रखती है;

(ग) इसमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत तथा रिक्त हैं; और

(घ) रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

**132KVA Sub-Station Darka Lugvalley**

***313 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that when was foundation stone of 132KVA Sub-Station at Darka Lug valley Kullu laid and by when the work will start?

----

**कर्मचारियों के आवास**

***314 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बैजनाथ में कर्मचारियों के टाईप-II आवासों का निर्माण कार्य कब प्रारम्भ हुआ; कितनी धनराशि व्यय की गई तथा कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

----

**सामान की आपूर्ति**

***315 श्री अरूण कुमार (नगरोटा):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में सरकारी डिपुओं में दिए जाने वाले खाद्य सामग्री की आपूर्ति हेतु टेंडर करने की क्या प्रक्रिया अपनाई गई; कितनी सब्सिडी सरकार द्वारा दी गई और किन-किन कंपनियों से खरीद की गई; ब्यौरा दें ?

----

**पशु औषधालय**

***316 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग ):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला मण्डी में कौन-कौन सी पंचायतें पशु औषधालय की सुविधा से वंचित हैं; और

(ख) सरकार इन पंचायतों को कब तक सुविधा प्रदान करेगी?

----

## हाइड्रो प्रोजैक्ट

*317 **श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में सरकार द्वारा कितने हाइड्रो प्रोजैक्ट और Self Identified प्रोजैक्ट चिन्हित किए गए और उनकी कितने मैगावाट की कपैस्टी है; इनमें से कितने प्रोजैक्ट TEC, IA, PPA में पूर्ण हो चुके हैं और ऐसे कितने प्रोजैक्ट हैं जिनकी IA क्लीयर हो चुकी है; और

(ख) जिन प्रोजैक्टों का कार्य शुरू नहीं हुआ है उन पर कितना जुर्माना लगाया गया तथा कितनी धनराशि वसूली गई व कितनी बकाया है; ब्यौरा दें?

----

## सड़क निर्माण

*318 **श्री रमेश चंद ध्वाला(ज्वालामुखी) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में लोक निर्माण मण्डल देहरा के अन्तर्गत ज्वालामुखी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी नई सड़कें बनीं तथा कितनी पुरानी सड़कों की मरम्मत की गई;

(ख) इनका कार्य किन-किन ठेकेदारों को दिया गया; नाम व कार्य सहित ब्यौरा दें;

(ग) इनका निर्माण व मरम्मत लोक निर्माण के मानकों अनुरूप किया गया; और

(घ) यदि नहीं, तो ठेकेदारों के विरूद्व क्या कार्रवाई की गई?

----

## प्राकृतिक आपदा

*319 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा(रोहडू) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत एक वर्ष से उप-मण्डल अधिकारी (नागरिक) कार्यालय रोहडू व डोडरा क्वार में प्राकृतिक आपदा, दुर्घटनाओं व आग से प्रभावितों को सहायता राशि आबंटन के कितने मामले लम्बित हैं; और

(ख) इनके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई व लम्बित मामलों को कब तक निपटाया जाएगा;

(ग) यह सत्य है कि डोडरा (दोगरी) में आग लगने से 5 परिवार बेघर हुए व 165 के करीब पशुधन का नुकसान हुआ; और

(घ) यदि हां, तो सरकार ने कितना नुकसान आंका और तुरन्त राहत के तौर पर क्या कदम उठाए गए?

----

## Pong Dam Oustees

*320 **श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) PONG DAM OUSTEES AGENCY (PODA) के फण्ड में कितनी धनराशि है; गत तीन वर्षों में यह कहां-कहां व्यय की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) PODA फण्ड जिला कांगड़ा के किन क्षेत्रों में खर्च किया जा सकता है; इस फण्ड के व्यय हेतु क्या नियम हैं; प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## दाड़नी का बगीचा

*321 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि 'दाड़नी का बगीचा' शिमला में गत वर्ष वाटिका का कार्य प्रारम्भ किया गया;

(ख) यदि हां, तो कार्य क्यों बन्द कर दिया गया;

(ग) इसमें कौन-कौन से पौधे रोपे जाएंगे; और

(घ) इस के निर्माण पर कितनी लागत आएगी?

----

## Construction of Roads/Bridge

*322 **Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) how much funds have been sanctioned from NABARD for the construction of link road from Dharogra to Nag Jubbar Deloghati, GP Dharogla in Distt. Shimla; and

(b) construction of Bridge over Satluj River at Pandoa, connecting Parlog area of District Mandi?

----

## ठेकेदारों द्वारा अधूरे कार्य

***323 श्री बलबीर सिंह वर्मा(चौपाल) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण मण्डल चौपाल और उप-मण्डल सैंज में पी0एम0जी0एस0वाई0 और नाबार्ड के कितने कार्य अधूरे हैं;

(ख) समय पर कार्य पूर्ण न करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई; और

(ग) यह सत्य है कि समय पर कार्य पूर्ण न करने वाले ठेकेदारों को पुनः कार्य आवंटित किए गए; यदि हां, तो कारण; और

(घ) इन मण्डलों के अन्तर्गत मैटलिंग व टारिंग के कार्य किन-किन ठेकेदारों को दिए गए; ब्यौरा राशि सहित दें?

----

## कार्य की अद्यतन स्थिति

***324 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी ):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लो0नि0वि0 के संगड़ाह, नाहन एवं पांवटा मंडलों में कौन-कौन से कार्य चल रहे हैं; कार्यों का ब्यौरा ठेकेदारों के नाम सहित दें?

----

## स्वां जलागम परियोजना

***325 श्री बलबीर सिंह(चिन्तपुरनी) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला ऊना में स्वां जलागम परियोजना के अधीन चिन्तपुरनी विधान सभा क्षेत्र की कितनी पंचायतें हैं;

(ख) गत तीन वर्षों में इनमें कितनी धनराशि किन-किन कार्यों पर व्यय की गई; पंचायतवार ब्यौरा दें;

(ग) इस योजना के अन्तर्गत कितना पौधरोपण किया गया तथा किस प्रजाति के पौधे लगाए गए; पंचायतवार ब्यौरा दें;

(घ) किन-किन नर्सरियों से पौधे क्रय किए गए; ब्यौरा दें; पौधे क्रय करने हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ड.) इस परियोजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत वैरिया में बनाए गए पैदल पुल पर कितनी धनराशि व्यय की गई; कार्य किस ठेकेदार द्वारा किया गया?

----

## सेवा विस्तार

***326 श्री नरेन्द्र ठाकुर(हमीरपुर) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि पूर्व सरकार ने हिमाचल पथ परिवहन निगम में मुख्य महाप्रबन्धक को सेवा विस्तार दिया था;

(ख) इस सेवा विस्तार के कारण निगम को कितना वित्तीय भार वहन करना पड़ा; ब्यौरा दें;

(ग) निगम में मण्डलीय प्रबन्धकों के कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने कार्य कर रहे हैं; और

(घ) गत तीन वर्षों में कितने मण्डलीय प्रबन्धकों की नियुक्ति की गई; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

----

## प्राकृतिक आपदा मामले

***327 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में प्राकृतिक आपदा राहत के कितने मामले विचाराधीन हैं; ब्यौरा वर्ष एवं उप-मण्डल दण्डाधिकारी कार्यालयशः दें; और

(ख) इन मामलों के निपटारे हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## खैर कटान के मामले

***328 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में वन मंडल बिलासपुर के अन्तर्गत अवैध खैर कटान के कितने मामले आए तथा कितनी लकड़ी बरामद की गई; इसकी बाजार में कितनी कीमत है; ब्यौरा दें; और

(ख) दोषियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांक: 13 मार्च , 2018.** **सचिव।**